दिनांक 28.05.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

77 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट से निगम क्षेत्र के ओवर हेड टैंक में जलापूर्ति है जारी

भिलाईनगर/ 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट में ट्रान्सफार्मर से संबंधित खराबी के कारण जलापूर्ति बाधित हो गई थी !महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेन्द्र यादव ने कल रात को फिल्टर प्लांट में आई तकनीकी खराबी की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिये थे एवं सम्पूर्ण प्लांट का भ्रमण किया था। आयुक्त एस 0के0 सुंदरानी ने कल फिल्टर प्लांट में स्वयं उपस्थित रहकर भिलाई क्षेत्रों की टंकियों में जलापूर्ति की निरन्तरता की जानकारी लेते रहे। ट्रान्सफार्मर से संबंधित खराबी को सुधारने के लिए जल विभाग के अधीक्षण अभियंता सत्येन्द्र सिंह, कार्यपालन अभियंता टी0के0 रणदिवे, सहायक अभियंता ब्रिजेश श्रीवास्तव, उप अभियंता अर्पित बंजारे एवं निगम के अधिकारी, कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के पश्चात् ट्रान्सफार्मर को स्थापित कर जल प्रदाय कार्य प्रारम्भ कराया। जिससे समस्त 9 ओवर हेड टैंकों में जलापूर्ति सूचारु रुप से किया जा रहा है , विद्युत विभाग से तकनीकी सलाह लेकर ट्रांसफार्मर अधिक गर्म न हो इसके लिए कूलर का भी उपयोग किया जा रहा है ताकि ट्रांसफार्मर से संबंधित समस्या उत्पन्न न हो , उप अभियंता प्रकृति जगताप ने बताया कि दूसरा ट्रांसफार्मर भी बैकअप के लिए 2 से 3 दिनों में मरम्मत होकर आ जाएगा। महापौर एवं आयुक्त सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा टंकी भरने को लेकर लगातार निगरानी रखी जा रही है। अभी तक जल प्रदाय के लिए नेहरु नगर में 4 प्वाईंट, स्मृति नगर में 4 प्वाईंट, फरीद नगर में 5 प्वाईंट, चन्द्रा मौर्या में 3 प्वाईंट, मरोदा टंकी में 3 प्वाईंट, वैशाली नगर में 5 प्वाईंट, छावनी में वोल्व ओपन, रिसाली में 3 प्वाईंट एवं खुर्सीपार की टंकियों में 4 प्वाईंट पानी भरा जा चुका है।

जनसम्पर्क अधिकारी

’’जल है तो कल है’’ ’’जल ही जीवन है’’